>

Title: Need to implement the Kitkhedi Pond Small Irrigation Project in Rajgarh in Madhya Pradesh.

श्री नारायण सिंह अमलाबे (राजगढ़): माननीय सभापति महोदय, वर्तमान समय में भारतवर्ष ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण विश्व पानी की कमी महसूस कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र संघ तथा विश्व बैंक की प्राथमिकता भी वर्षा के पानी को सहेजना और रोकना है। ऐसी स्थिति में मेरे संसदीय क्षेत्र राजगढ़ के अंतर्गत सुसनेर विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2007 में कीटखेड़ी तालाब विकास खंड सुसनेर में एक लघु परियोजना स्वीकृत हुई थी, जिसकी राशि 1974 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति भी दि. 7 अगस्त, 2007 को मध्य प्रदेश शासन से प्राप्त हो चुकी थी। लेकिन उक्त तालाब का कार्य आज की तारीख तक शासन की लापरवाही के कारण प्रारम्भ नहीं हुआ है। मेरे द्वारा इस संबंध में विभाग से सम्पर्क करने पर ज्ञात हुआ है कि इस तालाब की अद्यतन लागत राशि 4548.43 लाख रुपये होने के कारण इस योजना को अधिक लागत वाली योजना बताकर विलोपित करने हेतु प्रस्तावित किया जा रहा है।

महोदय, समय पर कार्य प्रारम्भ न होने के कारण उक्त योजना की अद्यतन लागत बढ़ी है, मात्र यह कारण बताकर इस योजना का विलोपन करना मेरे संसदीय क्षेत्र की जनता के साथ एक तरह से अन्याय होगा।

मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि वह इस संबंध में मध्य प्रदेश शासन को यथोचित निर्देश दे कि उक्त कीटखेड़ी तालाब लघु सिंचाई परियोजना को निरंतर जारी रखे और शीघ्रता से इस पर कार्य प्रारम्भ कर दिया जाए।

महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

18.35 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on

Wednesday, March, 23, 2011/Chaitra 2, 1933 (Saka).

---

* Not recorded

* Not recorded

* Not recorded

* Not recorded

* Not recorded

* Not recorded

* Moved with the recommendation of the President

* Not recorded

* Not recorded

* Not recorded

* Not recorded

* Not recorded